नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 24.06.2022 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक) एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख/प्रतिनिधि एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि भाषा आत्मियता का एक प्रबल माध्यम है। जहाँ तक हिंदी भाषा का सवाल है- हिंदी एक सरल, मधुर व सहज संप्रेषणीय भाषा है। राजभाषा हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों ने जो संकल्प लिया हैं, यही संकल्प जारी रहा तो एक दिन हिंदी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा अवश्य ही बनेगी। विदेशों में भी हिंदी का प्रभाव दिनोदिन बढ़ते जा रही है। हिंदी राजभाषा से राष्ट्रभाषा और फिर अन्तर्राष्ट्रीय भाषा बनने का सफर तय कर रही है। विश्व हिंदी सम्मेलनों के आयोजन से भी हिंदी का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ा है। रचनात्मक कार्यो में भी हमें हिंदी का प्रयोग करना चाहिए जिससे कि हिंदी के प्रति आम लोगों में रुचि बढ़े।

बैठक के प्रारंभ में श्री सौमेन घोष, महाप्रबंधक(राजभाषा)/सदस्य सचिव, नराकास,संबलपुर ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए नराकास का यह मंच काफी महत्वपूर्ण है। इसमें हम सभी राजभाषा हिंदी के विकास हेतु परस्पर विचार-विनिमय करते हैं एवं आवश्यकतानुसार सहयोग भी करते हैं। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से तिमाही रिपोर्ट नियमित रूप से भेजने एवं बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया।

बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय के करकमलों से नराकास, संबलपुर की गृह पत्रिका ’’संबलप्रभा’ के दसवें अंक का विमोचन किया गया तथा पंजाब नेशनल बैंक एवं वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय द्वारा आयोजित राजभाषा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

बैठक के दौरान श्री बी.आर. साहू कलिहारी, उप प्रबंधक, (राजभाषा) ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णय पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा बैठक में सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

बैठक की व्यवस्था एवं संचालन में एमसीएल राजभाषा विभाग की भूमिका सराहनीय रही।

MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
की
प्रथम छमाही बैठक
दिनांक:24.06.2022
संयोजक – महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
की

प्रथम छमाही बैठक